असुरक्षा जिपं में न गार्ड, न एंट्री सिस्टम, बिना पूछताछ सीधे अधिकारियों के केबिन में एंट्री

सरकारी कार्यालयों में भी बेटियां असुरक्षित

जबलपुर। शासकीय कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी कितने सुरक्षित हैं? इसका जवाब पिछले बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय में मिला था जहां एक सिरफिरा पति अपनी पत्नी के खिलाफ चल रही जांच से बौखलाकर सीधे एक महिला अधिकारी के केबिन में घुसकर हमला कर दिया था। इस वारदात ने यह भी गवाही दे डाली कि बेटियां सरकारी दफ्तर के केबिन में तक में सुरक्षित नहीं रह गई है। इसके साथ ही सरकारी दफ्तरों की लचर सुरक्षा व्यवस्था और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

जिला पंचायत जैसे संवेदनशील कार्यालय में रोजाना सैकड़ों लोग आते हैं, लेकिन यहां की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे है। पूरे कार्यालय परिसर में सुरक्षा के लिए एक भी गार्ड तैनात नहीं रहता है। मुख्य द्वार पर आने-जाने वालों के लिए न तो कोई पूछताछ काउंटर है और न ही कोई उनके आने का कारण पूछता है। कोई भी बाहरी व्यक्ति सीधे अंदर मौजूद उच्च अधिकारियों के केबिन तक पहुंच जाता है। ऐसा ही उस दिन हुआ था जब महिला अधिकारी पर आरोपी ने सीधे केबिन में घुसकर हमला कर दिया। हमले के एक सप्ताह बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कर्मचारियों के अनुसार, यह पहला मौका नहीं है जब यहां अराजकता दिखी हो। पूर्व में भी परिसर में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की वारदातें हो चुकी हैं। आए दिन यहां उग्र धरना-प्रदर्शन होते रहते हैं, जिससे हमेशा किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है, लेकिन प्रशासन ने अब तक सुरक्षा को लेकर कोई अहम कदम नहीं उठाए हैं। कार्यालय में 60 अधिकारी, कर्मचारी कार्यरत है। जिनमें से 9 परियोजना स्तर के अधिकारी है। जिसमें छह महिलाएं शामिल है ।

वारदात के बाद 2 घंटे तक घूमता रहा हमलावर

महिला अधिकारी को लहूलुहान करने के बाद भी आरोपी के मन में कोई खौफ नहीं था। वह वारदात को अंजाम देने के बाद करीब 2 घंटे तक बेखौफ होकर जिला पंचायत परिसर में ही घूमता रहा। लेकिन पूरे दफ्तर में कोई सुरक्षा ढांचा न होने के कारण उसे रोकने या टोकने वाला कोई नहीं था। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती, आरोपी आसानी से वहां से निकल चुका था।

थ्री-लेयर सुरक्षा हो : गार्ड की तैनाती, सघन जांच, अनुमति पर मिले प्रवेश

अधिकारियों व कर्मचारियों से जब बातचीत की गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमले के बाद से दफ्तर के कर्मचारियों, विशेषकर महिला स्टाफ में भारी डर और असुरक्षा का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर सरकारी केबिन के अंदर भी अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, तो वे काम कैसे करेंगे? आक्रोशित कर्मचारियों ने प्रशासन से दफ्तर की थ्री लेयर सुरक्षा की मांग की है । दफ्तर में प्रवेश करने वाले हर एक बाहरी व्यक्ति की सघन जांच हो। उनका आधार कार्ड चेक किया जाए और बाकायदा रजिस्टर में एंट्री के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया जाए। मुख्य द्वार और परिसर के संवेदनशील हिस्सों में तुरंत सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। अधिकारियों से मिलने आने वाले किसी भी व्यक्ति को सीधे केबिन तक न जाने दिया जाए। पहले बाहर तैनात स्टाफ संबंधित अधिकारी से पूछे। अनुमति मिलने पर ही केबिन में प्रवेश दिया जाए।

क्या था मामला

विदित हो कि जिला पंचायत कार्यालय जबलपुर में जिला परियोजना प्रबंधक एक सप्ताह पूर्व दोपहर करीब 12:20 बजे कक्ष क्रमांक 34 में शासकीय कार्य निपटा रही थीं। इसी दौरान बेलबाग निवासी योगेश सोनी सीधे केबिन में घुसा और हमला कर दिया था। योगेश सोनी की पत्नी आरती सोनी जनपद पंचायत में सहायक विकासखंड प्रबंधक हैं और उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं को लेकर विभाग में जांच चल रही है। आरोपी को शक था कि इस जांच के पीछे जिला परियोजना प्रबंधक का हाथ है। इसके अलावा जनपद पंचायत सिहोरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में भी पहुंचकर योगेश सोनी ने हंगामा मचाया था बल्कि एनआरएलएम ब्लाक प्रबंधक सिहोरा राकेश जाट से अभद्रता करते हुए धमकाया था। इसके अलावा शिकायत करने के शक में सहायक विकास खंड प्रबंधक कुंडम संजय मिश्रा को भी योगेश सोनी ने धमकी दी थी। बेलबाग, सिहोरा, कुंडम थाने में उसके खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज हुई थी।

इनका कहना है

घटना के बाद से जिला पंचायत कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। अब यहां सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। यह कार्रवाई शुरू होने में 10 से 15 दिन लगेंगे।

अभिषेक गेहलोत, सीईओ जिला पंचायत

रीवा से लेकर सिहोरा समेत संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है लेकिन उसका सुराग नहीं लगा गया है जल्द ही पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर लेगी ।

जितेन्द्र पाटकर, थाना प्रभारी बेलबाग

हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई के पूर्व ही दिये छात्रों को परीक्षा में शामिल होने के निर्देश

एक घंटे बाद प्रारंभ होने थे एग्जाम

जबलपुर। परीक्षा प्रारंभ होने से सिर्फ एक घंटा पहले छात्रों की तरफ से हाईकोर्ट में दायर याचिका पर त्वरित सुनवाई करते हुए जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने संबंधित छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के आदेश जारी किये।

छात्र शिवांकी तिवारी, राहुल दुबे, रितेश कुमार पांडे तथा तौफिक की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वह रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबंधित यूटीडी विभाग में एमएसडब्ल्यू का कोर्स कर रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा फीस का भुगतान नहीं किये जाने के कारण परीक्षा में बैठने की अनुमति देने से इंकार कर दिया है। याचिकाकर्ताओं को मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना के तहत एडमिशन मिला था। जिसके तहत योग्य पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों को केवल मेस का खर्च और कॉशन मनी देनी होती है। एडमिशन व एनरोलमेंट और परीक्षा फीस का भुगतान राज्य सरकार को करना था। मामले में विश्वविद्यालय का तर्क है कि दाखिला देने वाला संस्थान स्वशासकीय है। छात्रों के द्वारा अभ्यावेदन देने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने दूसरे सेमेस्टर के छात्रों को दो विषय तथा चौथे सेमेस्टर के एक विषय की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। गुरुवार को आयोजित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने से विश्वविद्यालय ने इंकार कर दिया।

जिसके कारण याचिकाकर्ता छात्रों की तरफ से अधिवक्ता देवेंद्र कुमार कुशवाहा तथा अंजलि तिवारी ने बताया गया कि याचिकाकर्ता छात्रों के एग्जाम दोपहर 12 बजे से निर्धारित है। एकलपीठ ने पूर्वान्ह 11 बजे अनावेदक विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को बुलाकर छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश जारी किये। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा फीस के भुगतान के संबंध में अनावेदक विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के बीच आपसी विवाद है। जिसका भुगतान आम तौर पर छात्रों को नहीं करना था। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अंतिम निर्णय याचिका के अधीन रहेंगा।

तोड़फोड़-मारपीट प्रकरण की हो निष्पक्ष जांच

जबलपुर। मैकेनिक जोन में तोड़फोड़, मारपीट मामले में हिंदू कार्यकर्ताओं के खिलाफ अधारताल थाने में दर्ज प्रकरण को लेकर हिंदू धर्म सेना एवं विभिन्न हिंदू संगठनों ने मोर्चा खोल दिया। पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच कराने की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि संबंधित प्रकरण को लेकर हिंदू समाज एवं संगठनों में असंतोष व्याप्त है।

आरोप है कि मामला एकपक्षीय शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया, जबकि संबंधित कार्यकर्ताओं का पक्ष भी निष्पक्ष रूप से सुना जाना चाहिए। जांच के

दौरान यदि आरोप निराधार पाए जाते हैं, तो प्रकरण समाप्त किया जाएं। इस अवसर पर संस्थापक योगेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, मुकेश रजक, अविनाश सुखदान, हेमराज उपाध्याय, रिंकू शुक्ला, सोनू रैकवार, सुमित जोशी, हमरत बघेल, सुमित केवट, अभिषेक चौधरी, शंकर,कृष्णा, संस्कार, मुकेश, अंकित, भरत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मूकमाटी एक्सप्रेस में चार कोच बढ़े

जबलपुर। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए जबलपुर-रायपुर-जबलपुर मूकमाटी एक्सप्रेस (11702/11701) में चार कोचों की स्थायी बढ़ोतरी की गई है। 4 अक्टूबर से ट्रेन में एक एसी थ्री-टियर इकोनॉमी और तीन सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। त्योहारी सीजन में इसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। अतिरिक्त कोच जुड़ने के बाद ट्रेन में कुल 22 कोच हो जाएंगे। इनमें 1 एसी टू-टियर, 2 एसी थ्री-टियर, 1 एसी थ्री-टियर इकोनॉमी, 1 एसी चेयरकार, 1 स्लीपर, 4 सामान्य चेयरकार, 10 सामान्य श्रेणी, 1 गार्ड सह लगेज-ब्रेक वैन और 1 जनरेटर कार शामिल हैं। तीन सामान्य कोच बढ़ने से आम यात्रियों के लिए सीटों की उपलब्धता बढ़ेगी,

जबलपुर के विकास, नगर निगम के कार्यों के मुरीद हुए मुख्यमंत्री

मंच से महापौर 'अन्नू' को दी बधाई

नवभारत, जबलपुर । अमर वीर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के पावन अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर जननायकों की शौर्य स्थली पर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सेना नायकों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके महान त्याग और बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.

मोहन यादव ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान हमारी धरोहर और प्रेरणा का स्रोत है। नगर निगम जबलपुर ने उनके शौर्य स्थल को व्यवस्थित विकास कर ऐतिहासिक कार्य किया है, इसके लिए नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को बधाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के नेतृत्व और कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर निगम शहर को एक व्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने महापौर को उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और आगे भी इसी समर्पण के साथ शहर के विकास में योगदान देने का प्रोत्साहन दिया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने जबलपुर के व्यवस्थित और निरंतर हो रहे विकास कार्यों पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। और साथ ही उन्होंने जबलपुर नगर निगम द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण, जनसुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की मुक्तकंठ से सराहना की।

एक नजर में

दो लुटेरे गिरफ्तार, पांच लाख का माल जब्त

जबलपुर । गढ़ा पुलिस ने दो लुटेरों को दबोचा है। जिनके कब्जे से छीनी हुई चेन, मंगलसूत्र एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल एवं चाकू समेत कुल पांच लाख रूपए का माल जप्त किया है। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि आरती ठाकुर 37 वर्ष निवासी न्यू शास्त्रीनगर तिलवारा को पिसनहारी मढ़िया के पहले मोटर सायकल सवार लुटेरों ने चाकू दिखा सोने की चैन व मंगलसूत्र लूट लिया था। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चिन्हित किए गए राकेश झारिया पिता उमेश झारिया 26 वर्ष निवासी आजाद नगर सूपाताल, सलमान शाह पिता मंजूर शाह 22 वर्ष निवासी आजाद नगर सूपाताल गढा को दबोचा जिन्होंने लूट कबूली । आरोपियों की निशादेही पर लूटा गया माल जब्त किया गया । दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

एसबीसी चुनाव : 5 सीटों के लिए दस में मुकाबला

जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की द्वितीय चरण की मतगणना अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। महिला प्रत्याशियों में अब केवल अन्नू पटेल मैदान में हैं। एलिमिनेशन राउंड के 30 वें दिन तीन और प्रत्याशियों ने निर्धारित कोटा पार कर लिया। इसके साथ ही अब तक 13 प्रत्याशियों को निर्वाचित माना जा चुका है। शेष पांच पदों के लिए अब 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से पांच प्रत्याशी कोटा पूरा कर निर्वाचित होंगे, जबकि पांच को एलिमिनेशन प्रक्रिया से बाहर होना पड़ेगा। शुक्रवार को प्रत्याशी अखंड प्रताप सिंह रीवा, जितेंद्र कुमार शर्मा ग्वालियर और गौरव मिश्रा ग्वालियर ने निर्धारित कोटा पार किया। इसके साथ ही उनके निर्वाचन की स्थिति स्पष्ट हो गई। दूसरी ओर प्रत्याशी प्रेम सिंह भदौरिया ग्वालियर की एलिमिनेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उनके शेष मतों की गणना शनिवार को की जाएगी।

विधि छात्र की संदिग्ध मौत की जांच में कोताही पर अधिवक्ताओं में रोष

गृह मंत्रालय और कटनी एसपी को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग

जबलपुर। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता रोहितकांत दुबे के पुत्र विधि छात्र मोहित दुबे की कटनी जिले में हुई संदिग्ध मौत के मामले में जांच आगे नहीं बढने पर अधिवक्ताओं में रोष है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव असीम त्रिवेदी और उपाध्यक्ष सत्येंद्र ज्योतिषी सहित पदाधिकारियों ने गृह मंत्रालय और कटनी एसपी को पत्र भेजकर मामले में तत्काल संज्ञान लेने तथा उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

बार के सहसचिव रूपेश रमन पटेल ने बताया कि मोहित दुबे की मौत के बाद मर्ग कायम किया गया था। घटना को एक माह बीत जाने के बावजूद स्वजन की ओर से कई शिकायतें किए जाने के बाद भी जांच में अपेक्षित प्रगति नहीं होने

का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ता रोहित कांत दुबे ने अपने पुत्र को जहर दिए जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। बार पदाधिकारियों ने पत्र में कहा है कि मामला गंभीर है और इसकी जांच में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने किसी सक्षम एवं निष्पक्ष जांच एजेंसी से मामले की जांच कराने की मांग की है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके और यदि कोई दोषी है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई हो। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि मामले में तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता समुदाय को सशक्त कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए एसोसिएशन मामले को गंभीरता से ले रहा है। पत्र पर सचिव असीम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष सत्येंद्र ज्योतिषी, सहसचिव रूपेश रमन पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल सहित शांति तिवारी, सुधाकर मनी पटेल, अमित स्थापक, सौरभ वर्मा, संदीप दुबे, कंचन यादव, सपना तिवारी और शिखा बघेल के नाम शामिल हैं।

जबलपुर में गूंजेगी छात्रों की गूंज

आज शहर के सभी ब्लॉकों में होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

नवभारत, जबलपुर। 19 सितंबर को जबलपुर शहर के सभी ब्लॉकों में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शाम 5 बजे से किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने

बताया कि कांग्रेसियों व शहर के छात्रों से अपील की गई है कि 19 सितंबर की शाम 5 बजे वे अपने अपने क्षेत्र में पहुंचें और छात्रों की आवाज को राहुल गांधी के साथ सीधा प्रसारण के माध्यम से मजबूती दें। जानकारी के अनुसार छात्रों की गूंज कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कांग्रेसियों द्वारा एलईडी स्क्रीन लगाकर किया जाएगा।

इन इलाकों में होगा प्रसारण

कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने ये भी बताया कि शंकर शाह ब्लॉक में बिग बाजार के सामने, इंदिरा गांधी ब्लॉक में

गुलौआ चौक, मदन महल ब्लॉक में शास्त्री नगर चौक, जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक में छोटी लाइन चौक, मौलाना अबुल कलाम ब्लॉक में कोतवाली थाने के सामने, कस्तूरबा गांधी ब्लॉक में मदन महल थाने के सामने, कमला नेहरू ब्लॉक में दमोह नाका, कैंट ब्लॉक में बिलहरी, गोकलपुर अधारताल ब्लॉक में पनहरा पेट्रोल पंप, रांझी खमरिया ब्लॉक में व्हीकल मोड़, जाकिर हुसैन ब्लॉक में अधारताल चौराहा, मोतीलाल नेहरू ब्लॉक ,राधाकृष्णन ब्लॉक में संत रविदास सामुदायिक भवन घमापुर में एलईडी लगाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

चलती ट्रेन रुकवाकर घायल यात्री की बचाई जान

जबलपुर। ड्यूटी के दौरान घायल यात्री की सूचना मिलते ही सीनियर पैसेंजर ट्रेन मैनेजर चतर सिंह मीना ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन रुकवाकर घायल यात्री को सुरक्षित ब्रेक वैन में पहुंचाया और प्राथमिक उपचार दिया। गत दिवस गाड़ी संख्या 22182 में सागर से जबलपुर ड्यूटी के दौरान आधारताल स्टेशन के उप स्टेशन प्रबंधक ने उन्हें आधारताल-जबलपुर के बीच किमी 995/21-19 के पास एक यात्री के घायल होने की सूचना दी। मीना ने तत्काल चालक से ट्रेन रुकवाई और घायल 22 वर्षीय सुजीत कुमार पटेल, निवासी कटनी को ट्रेन में लेकर जबलपुर के लिए रवाना हुए।

जबलपुर स्टेशन पहुंचते ही वाणिज्य विभाग, आरपीएफ और जीआरपी ने समन्वय कर घायल यात्री को अस्पताल पहुंचाया। रेलवे स्टाफ ने उसके परिजनों से भी संपर्क किया। परिजनों के अनुसार सुजीत का ऑपरेशन हो चुका है और अब उसकी स्थिति ठीक है। समय पर सूचना मिलने से लेकर ट्रेन रुकवाने, प्राथमिक उपचार देने और स्टेशन पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तक रेलकर्मियों की तत्परता ने एक बार फिर यात्री सेवा के साथ मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की।

गमी में दमोह गया परिवार, घर में हुई लाखों की चोरी

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत कुमगंवा में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार गमी में दमोह गया हुआ था । पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को काशीराम काछी 55 वर्ष निवासी कुमगंवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कल उसके भनेज कमलेश निवासी दौनी बघा जिला दमोह का देहांत होने से परिवार सहित ग्राम दौनी बघा दमोह गये थे घर पर कोई नही था घर पर सभी कमरों में ताला एवं मेन दरवाजा में ताला लगाकर पड़ोस के रहने वाले आशा बाई बर्मन को जानकारी देकर गये थे रात हो जाने के कारण ग्राम दौनी बघा में रुक गये थे। सुबह 5 बजे आशा बाई ने बेटे रमेश काछी के मोबाइल में कॉल करके बताया कि घर के दरवाजा में ताला नही लगा है। परिजन तुरंत वापिस लौटे तो देखा घर में लगे सभी दरवाजे पलंग पेटी अलमारी के ताले टूटे थे, अलमारी और पेटी में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी गायब थे ।

कार्रवाई टोली बनाकर चोरियां, लूट करने वाले बालक समेत 7 पकड़ाए, 15 लाख का माल जब्त

मास्टर चाबी और हैंडल लॉक तोड़ पार कर देते थे वाहन

जबलपुर । हनुमानताल पुलिस ने एक बालक समेत सात शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चुराये हुये 13 दुपहिया वाहन एवं झपटे हुये पांच मोबाईल, चाकू समेत कीमती लगभग 15 लाख रूपये का माल जब्त किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर डॉ आयुष जाखड ने बताया कि पकड़े गए आरोपित एक साथ नशा करते थे। वाहन चोर भीड़-भाड़ वाली जगह पर खडी मोटर साइकिल या स्कूटर का मास्टर चाबी से लॉक खोलकर या लॉक चाबी से नहीं खुलने पर हैण्डिल में पैर मारकर गाड़ी का लॉक तोड़ते हुये गाड़ी के वायर को काटकर डायरेक्ट करके गाड़ी चुरा लेते थे। इसके बाद उसी चोरी की गाड़ी से घूम-घूम कर मोबाइल झपटते हैं।

पकड़े गए आरोपियों में अयान

उर्फ अल्लू खान पिता लियाकत अकबर 18 वर्ष निवासी गाजीनगर, सोहेल उर्फ गुलाम गौस पिता अजमेरी उर्फ चुनैया 20 वर्ष, मुजम्मिल कुरैशी पिता इकराम कुरैशी 19 वर्ष, मुदस्सिर कुरैशी पिता इकराम कुरैशी 18 वर्ष, मोईन उर्फ सुरमेश अंसारी पिता सलीम अंसारी 18 वर्ष सभी निवासी टेढीनीम एवं जान उर्फ फिज्जू खान पिता नसीम खान 18 वर्ष निवासी चारखम्भा समेत 17 वर्षीय बालक शामिल है आरोपित टोली बनाकर एक साथ शहर में घूम घूम कर वारदातें करते थे।

कब्रिस्तान में दबिश, ऐसे चढ़े हत्थे

पुलिस को सूचना मिली कि चार युवक रात्रि में घूम घूम कर वाहन चोरी करते है ओर लोगों के मोबाइल फोन झपटमारी कर छीन लेते है। चोरी की गई मोटर साइकिले लेकर मोबाइल छीनने, मोटर साईकिल चोरी करने के लिए घूम रहे है अभी मण्डी मदार टेकरी के कब्रिस्तान गये है मुखबिर की सूचना पर हनुमानताल की टीमों के द्वारा कब्रिस्तान के अन्दर दबिश दी गई। जिसके बाद घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा गया। बकरा मार्केट भानतलैया में दबिश देकर बालक समेत तीन को दबोचा गया।

5 बदमाश पुराने, इनका है आपराधिक रिकॉर्ड

हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाष चंद बघेल ने बताया कि गुलाम गौस उर्फ सोहेल के खिलाफ अवैध वसूली, चोरी, मारपीट, के 8 अपराध, मुद्दसिर पर पूर्व से अवैध वसूली एवं मारपीट के 4 अपराध, मुज्जम्मिल पर चोरी एवं अवैध वसूली मारपीट , आर्म्स एक्ट के 5 अपराध, फैजान के झपटमारी, चोरी के पूर्व से 3 अपराध, मुईन के झपटमारी, चोरी के पूर्व से 3 अपराध, बालक के खिलाफ पूर्व से चोरी मारपीट, अवैध वसूली के 4 अपराध दर्ज है। आरोपियों ने ग्वारीघाट, कैंट, लार्डगंज, कोतवाली, विजय नगर, गोरखपुर, मदनमहल से वाहनों को चुराया है।

जीसीएफ में सुरक्षा ड्यूटी कड़ाई से लागू करने पर कनिष्ठ प्रबंधक पर हुआ था हमला

घमापुर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) के मुख्य द्वार पर सुरक्षा विभाग के कनिष्ठ प्रबंधक पर सुरक्षा ड्यूटी कड़ाई से कराने से नाराज प्राइवेट सुरक्षा गार्डों ने कनिष्ठ प्रबंधक को घेरकर उन पर हमला किया था। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक रणजीत प्रजापति (57) निवासी न्यू कॉलोनी, जीएफ इस्टेट घमापुर के सुरक्षा विभाग में कनिष्ठ प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। 14 सितंबर 2026 की दोपहर करीब 12:45 बजे वह अपने वरिष्ठ अधिकारी अमित प्रताप सिंह के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए सीजीएम कार्यालय गए थे। वहां से मार्गदर्शन लेने के बाद, दोपहर करीब 1:15 बजे जैसे ही वह अपनी स्कूटी से लंच के लिए मेन गेट से बाहर निकले थे पहले से घात लगाए बैठे गार्ड्स ने उन्हें घेर लिया था। मेन गेट के पास करीब 30-35 प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स में से रवि शुक्ला और दो अन्य ने रणजीत प्रजापति को हाथ देकर रोका। उन्होंने सवाल किया कि उन्हें वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी से क्यों नहीं मिलवाया जा रहा है? इस पर कनिष्ठ प्रबंधक ने शांति से जवाब दिया कि मिलने के लिए दोपहर 3 बजे का समय तय हो चुका है। इतने में वहां मौजूद प्राइवेट गार्ड सुरेंद्र यादव ने सीजीएम को अपशब्द कहे। जब रणजीत प्रजापति ने मना किया, तो सुरेंद्र यादव ने अपनी कमर से भारी मेटल बकल वाली बेल्ट निकाली और रणजीत प्रजापति के सिर और मुंह पर जानलेवा हमला कर दिया। वार इतने जोरदार थे कि कनिष्ठ प्रबंधक का हेलमेट चकनाचूर हो गया था। हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आई थी। इसी बीच सीनियर सिक्योरिटी ऑफिसर अमित प्रताप सिंह को गाड़ी से आते देख आरोपी सुरेंद्र यादव जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग निकला था।

साजिश के तहत लामबंद होकर किया हमला- पीड़ित रणजीत प्रजापति ने पुलिस को बताया कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। फैक्ट्री के बाहर यह भीड़ प्राइवेट सिक्योरिटी सुपरवाइजर रामजीत यादव, सत्यनारायण और अजय के नेतृत्व में लामबंद होकर गलत इरादे से इकट्ठा हुई थी।